Municipal Council, Pali

# Newsletter April 2017

## Address

Near Suraj Pole Chaurha, Town Hall, Pali-306401
(Rajasthan) India.

## Email

cmcpali@yahoo.co.in

## Contact-No.

02932-221301

# Local Self Government Rajasthan

The Department of local self Government, Rajasthan is the controlling Department of all municipalities for all administrative purposes. It also performs monitoring and co-ordination function at the state level for all the 188 municipal bodies of the state.

# Functions of Department of Local Self Government Rajasthan

•Appointment of OICs/Advocate in Court Cases, vetting of reply, opinion on judgment, decision for appeal or no appeal, scrutiny of Bye-Laws and Rules and Amendments in Acts and Rules.
•Approval of Budget of ULBs and released of funds regarding Special Grant, General Grant, SFC, TFC, Grant (in Lieu of Octroi) and State/Centrally Sponsored Schemes/Programme.
•Disposal of matters related to transfer, establishment, DPCs related to officers
•and staff of ULBs, DDR offices and Directorate.
•Extension and Exclusion of Municipal boundary, Election of Municipal Boards.
•Implementation of HRD Plan for elected representatives, and officials of ULBs.
•Implementation of Poverty Alleviation and social responsibilities Programmes.
•Issuance of Financial, Administrative and Technical Sanctions which are not in the Jurisdiction of the elected board.
•Preparation of Annual Plan/District Plan/Action Plan/DPRs related to various GoI/GoR schemes/Programmes.

# Various Schemes

## AMRUT – (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation)

- Urban Infrastructure Development of 29 Towns > 1.0 lac population.
- Total Estimated Project cost Rs 4500 cr (50% GoI, 30% GoR, 20% ULB)
- Components to be covered - Water supply, Sewerage network, Septage management, Storm water drainage, Urban Transport, Green spaces and parks.



## HRIDAY-Heritage Cities Infrastructure Development & Augmentation

- Ajmer – Pushkar nominated under HRIDAY– 100% grant by GoI.
- City HRIDAY Plan for Rs 48.00 cr. approved by MoUD, GoI.




## National Urban Livelihood Mission (NULM)

- Focus on Skill Training & Placement and Capacity Building / Self Employment.
- Major components- Shelter for Urban Homeless, Support to Urban Street Vendors.

**नगर परिषद् सीमा क्षेत्र में स्थित मस्तान बाबा मार्ग से बांडी नदी कवाड सर्किल तक तथा मस्तान बाबा मार्ग से रामलीला मैदान रोड पर स्थित न्यू सब्जी मण्डी मार्ग पर परिषद् द्वारा डिवाईडर का निर्माण कार्य करवाकर वहां पर बिजली के खम्भों पर रोड लाईट्स लगवा कर शनिवार को सभापति महेन्द्र बोहरा ने स्वीच ऑन कर रोड लाईट्स को चालू कर शुभारम्भ किया ।**

सभापति बोहरा ने बताया कि मस्तान बाबा मार्ग से बांडी नदी कवाड सर्किल तक सात विघुत खम्भों पर प्रत्येक खम्भे पर दो–दो रोड लाईट्स तथा मस्तान बाबा मार्ग से रामलीला मैदान रोड पर स्थित न्यू सब्जी मण्डी मार्ग पर तीन विघुत खम्भों पर प्रत्येक खम्भे पर दो–दो रोड लाईट्स आमजन की सुविधा के लिए लगवाई गई हैं । सभापति ने स्वीच ऑन करते ही पूरा क्षेत्र दुधिया रोशनी से जगमगा उठा । इससे रात्रि में आमजन के आवागमन व यायातात व्यवस्था को सुचारू रखने में मदद मिलेगी । वहां पर उपस्थित क्षेत्रवासियों ने रोड लाईट्स लगवाने पर सभापति को धन्यवाद भी दिया।



महादेव बगीची में सांसद कोष से करीब 5 लाख रूपये की लागत से बनने वाले रंगमंच का शिलान्यास शनिवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री, विधी, न्याय एवं प्रोद्योगिकी व इलेक्ट्रोनिक्स विभाग पी पी चौधरी के कर कमलों द्वारा पं. भरत शर्मा ने विधिवत् पूजा अर्चना व मंत्रोच्चार के साथ करवाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथी केन्द्रीय राज्य मंत्री पी पी चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महादेव बगीची में रंगमंच के निर्माण होने से सार्वजनिक कार्यक्रमों में सुविधा रहेगी। महादेव बगीची के अंदर नाडी विकास हेतु सांसद कोष से डेढ़ लाख रूपये की अतिरिक्त स्वीकृति दी।

चौधरी ने कहा कि आने वाले में समय पाली लोकसभा क्षेत्र में कई विकास योजनाएं प्रस्तावित की गई है, जिसमें केन्द्रीय विद्यालय, इन्फोरमेशन टेक्नोलोजी, नेशनल इन्स्टीट्यूट की शिक्षा, मेडीकल कॉलेज, आईटीआर सरदार संमद के कार्य पूरे होने पर लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा, साथ ही विद्यार्थियों को उच्च व तकनीकी शिक्षा हेतु पाली से बाहर नही जाना पड़ेगा। कौशल विकास का केन्द्र नेशनल लेवल पर खोला जायेगा, ताकि कामगारों व कारीगरों, मजदूरों को रोजगार मिलेगा। उन्होनें कार्यकर्ताओं से अपील कि वे केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अपने–अपने क्षेत्रों में प्रचार–प्रसार कर जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित कराये। राजस्थान में रिफायनरी की कार्यवाही चल रही है, जिसके अच्छे परिणाम आयेगें। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे के नेतृत्व प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर है। साथ ही उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश '' डिजीटल इण्डिया '' की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री की सोच है कि पहले राष्ट्र है, चुनाव बाद में। सांसद ने कहा कि जो विकास कार्य गत 60 वर्षो में नहीं हुए, वो अब हो रहे है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष विधायक ज्ञानचंद पारख ने महादेव बगीची के विकास में कार्यकर्ताओ के मजबूत इरादों से ही विकसित हुई है। उन्होनें कहा कि विकास कार्यो के साथ–साथ हमें राष्ट्र का निर्माण करना है, राम मंदिर का निर्माण करना है। उन्होनें पाली विधानसभा क्षेत्र में अब तक हुए विकास का जिक्र किया।

नगर परिषद् सभापति महेन्द्र बोहरा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि नगर परिषद् द्वारा सभी वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे जिसमें सीवरेज, 24 घण्टे जलापूर्ति का कार्य प्रगति पर है। बोहरा ने कहा कि नगर परिषद् के विकास कार्यो के साथ–साथ नगर सुधार न्यास भी विकास में जुट जाने से पाली का चंहुमुखी विकास होगा।

इस अवसर पर नगर सुधार न्यास अध्यक्ष, संजय ओझा ने भी अपने विचार प्रकट किये।

कार्यक्रम का संचालन सुदर्शन देवासी ने किया ।


सांसद स्थानीय निधि कोष द्वारा स्वीकृत रंगमंच का
शिलान्यास
मुख्य अतिथि
श्री पी.पी.चौधरी
अध्यक्षता
श्री ज्ञानचन्द पारख माननीय विधायक,पाली
श्री महेन्द्र बोहरा सभापति, नगर परिषद,पाली
विशिष्ट अतिथि
श्री संजय ओझा अध्यक्ष, नगर सुधार न्यास,पाली
श्री मूलसिंह भाटी उप सभापति, नगर परिषद,पाली
श्री सवाईसिंह जैतावत स्थानीय पार्षद
22 अप्रेल 2017
अधिशाषी अभियंता
नगर परिषद,पाली
आयुक्त





**नगर परिषद् सीमा क्षेत्र में स्थित नहर चौराहे से बांगड़ कॉलेज ज्योति बा फूले चौराहे तक 21 बिजली ऑर्नामेटल पोल लगाकर रोड लाईट्स का बुधवार को सभापति महेन्द्र बोहरा ने स्वीच ऑन कर शुभारम्भ किया ।**

सभापति बोहरा ने बताया कि नहर चौराहे से बांगड़ कॉलेज ज्योति बा फूले चौराहे तक इक्कीस विघुत पोल पर आमजन की सुविधा के लिए लाईट लगवाई गई। सभापति ने स्वीच ऑन करते ही पूरा क्षेत्र दुधिया रोशनी से जगमगा उठा । इससे रात्रि में आमजन के आवागमन व यायातात व्यवस्था को सुचारू रखने में मदद मिलेगी । वहां पर उपस्थित क्षेत्रवासियों ने रोड लाईट्स लगवाने पर सभापति को धन्यवाद देते हुए जोर–शोर से स्वागत भी किया।



**पाली का परचम लहरा : राजस्थान में स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 की रैकिंग में तीसरे स्थान पर रहा पाली शहर**

सभापति बोहरा ने बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व सफाई कार्मिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में पाली शहर के राजस्थान स्तर पर तीसरे स्थान पर रहने के लिए धन्यवाद दिया तथा सभापति बोहरा ने कहा कि इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में परिषद् के अधिकारी, सफाई कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों एवं आम जन ने अपना सहरानीय योगदान दिया। जिसकी बदौलत पाली शहर राजस्थान स्तर पर तीसरे स्थान पर रहा है और बोहरा ने कहा कि इस बार हम ओर अधिक जोश के साथ मेहनत कर इण्डिया लेवल पर पाली शहर को स्वच्छता में आगे लायेगें।

इस दौरान सभापति महेन्द्र बोहरा व स्वच्छता एवं स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष व उपसभापति मूलसिंह भाटी का माल्यार्पण कर पाली शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में उत्तम स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने के लिए बधाई दी।

**दिनॉक 10 मई, 2017 से 10 जुलाई 2017 तक शुरू होने वाले मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण योजना के तहत जन कल्याण शिविर का बुधवार को आयोजित वार्ड संख्या 01,02 व 50 का माननीय सांसद एवं केन्द्रीय विधि,न्याय एवं इलेक्ट्रोनिक्स प्राद्योगिकी राज्य मंत्री पी.पी.चौधरी विधायक ज्ञानचंद पारख एवं सभापति महेन्द्र बोहरा ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारम्भ किया।**

केन्द्रीय राज्य मंत्री चौधरी ने मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण योजना के तहत जन कल्याण शिविर का अवलोकन कर शिविर में होने वाले कार्यो को जनहित में उपयोगी बताया। कार्यक्रम में माननीय मंत्री महोदय द्वारा कृषि भूमि रूपान्तरण एवं भूमि विक्रय विलेख संबंधी पट्टो का वितरण किया गया।

सभापति महेन्द्र बोहरा ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण योजना के तहत जन कल्याण शिविर वार्ड वाईज आयोजित किये जा रहे है। जिसमें भूमि, अतिक्रमण नियमन, स्टेट ग्रांट एक्ट, भू पट्टी, कच्ची बस्ती नियमन, भूखण्डों के बढे हुए क्षेत्रफल की नियमन, भूखण्डों का पुर्नगठन व उपविभाजन, बकाया लीज राशि , नगरीय विकास कर, भू उपयोग परिवर्तन, भवन निर्माण स्वीकृति, सिवायचक भूमि का नगरीय निकायों को हस्तांतरण, गाडिया लोहारो राजस्थान राज्य विमुक्त, घूमन्तु एवं अर्द्धघूमन्तु जातियों को 50 वर्गगज भूमि का निःशुल्क आवंटन, भूमि अवाप्ति के प्रकरणों में विकसित भूमि का विकल्प प्रस्तुत करने की अवधि बढाने, प्रकरणों का निस्तारण करने, भवन मानचित्र अनुमोदन, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को खुले में शौच मुक्त करने, सामुदायिक शौचालय का चिन्हिकरण एवं स्वीकृति, सीवर कनेक्शन एवं पं. दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत शिविर में किये जाने वाले कार्य, मुख्यमंत्री जलस्वावलम्बन अभियान के तहत शिविर में किये जाने वाले कार्य, मुख्यमंत्री जन आवास के तहत शिविर में किये जाने वाले कार्य, नगरीय निकायों में एम्पावर्ड कमेटी का गठन, एम्पावर्ड कमेटी की शक्तियां आदि कार्य संपादित किये जायेगें।




FCUK
72

नगर परिषद् पाली–मारवाड़

राजस्थान

स्वच्छ पाली–स्वस्थ पाली